# मेरी बहन सुन नहीं सकती

जीन वाईटहाउस पीटरसन



# My Sister is Deaf

Jeanne Whitehouse Peterson

इस किताब का प्रकाशन भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने देश भर में चल रहे साक्षरता अभियानों में उपयोग के लिए किया गया है। जनवाचन आंदोलन के तहत प्रकाशित इन किताबों का उद्देश्य गाँव के लोगों और बच्चों में पढ़ने-लिखने की रुचि पैदा करना है।

मेरी बहन सुन नहीं सकती
*जीन वाईटहाउस पीटरसन*
I have a Sister. My Sister is Deaf
*Jeanne Whitehouse Peterson*
अनुवाद : अरविन्द गुप्ता

जनवाचन बाल पुस्तकमाला के तहत
भारत ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा प्रकाशित

रेखांकन : अविनाश देशपांडे
(डेबोरा रे के चित्रों पर आधारित)

ग्राफिक्स : अभय कुमार झा

पांचवां संस्करण : वर्ष 2007

मूल्य : 15 रुपये
***Price : 15 Rupees***

*Published by Bharat Gyan Vigyan Samiti*
***Basement of Y.W.A. Hostel No. II, G-Block***
***Saket , New Delhi - 110017***
***Phone : 011 - 26569943, Fax : 91 - 011 - 26569773***
email: bgvs_delhi@yahoo.co.in, bgvsdelhi@gmail.com
***Printed at Sun Shine Offset , New Delhi - 110018***

# मेरी बहन सुन नहीं सकती

**जीन वाईटहाउस पीटरसन**



# My Sister is Deaf


**Jeanne Whitehouse Peterson**



मेरी एक बहन है।
मेरी बहन सुन नहीं सकती।
मेरी बहन अनूठी है।
बहुत कम लोगों की बहनें ही मेरी बहन की तरह होंगी।


I have a sister
My sister is deaf.
She is special.
There are not many sisters like mine.






मेरी बहन पियानो (एक वाद्ययंत्र) बजा सकती है।
वो पियानो के सुरों को महसूस कर सकती है।
परंतु दुख की बात यह है कि वो कभी भी गा नहीं पाएगी।
उसे गानों की धुनें सुनाई ही नहीं पड़ती हैं।

My sister can play the piano.
She likes to feel the deep rumbling chords.
But she will never be able to sing.
She cannot hear the tune.



मेरी बहन किसी साथी के साथ नाच सकती है।
वो एक सीधी लाईन में कदम से कदम मिलाकर चल सकती है।
कूदने, उछलने और कलाबाज़ियां लगाने में उसे बड़ा आनंद आता है।
उसे झाड़–बंदर के ऊपर चढ़ने में मज़ा आता है।
चढ़ने से पहले वो मुझे चढ़ते हुए देखती है।
मैं भी टकटकी लगाए उसे देखती रहती हूं।
परंतु अगर मैं चिल्लाऊं, ''रुको, ज़रा देखो, सावधान रहो!''
तो वो मेरी कही बात सुन नहीं सकती है।
परंतु वो मुझे लटकते हुए और झूलते हुए देख सकती है।
वो हंसती है और पीछे से मेरे पैर पकड़ने की कोशिश करती है।

My sister can dance with a partner
or march in a line.
She likes to leap, to tumble, to roll,
to climb to the top of the monkey bars.
She watches me as we climb.
I watch her too.
She cannot hear me shout "Look out!"
But she can see me swinging her way.
She laughs and swings backward,
trying to catch my legs.











मेरी एक बहन है।
वो घर के पीछे घास के मैदान में मेरे साथ घूमना चाहती है।
मैं मुड़ कर उससे कुछ कहना चाहती हूं।
परंतु मैं कुछ बोलती नहीं हूं।
वो समझ जाती है और धीरे–धीरे मेरे पीछे–पीछे चलती है।
वो आहिस्ता–आहिस्ता मेरे कदम–से–कदम मिलाकर चलती है।
मैं हल्की आवाज़ों को सुनने का काम करती हूं।
वो घास में हो रही किसी भी तेज़ हलचल की ओर ध्यान रखती है।

I have a sister who likes to go with me
out to the grassy lot behind her house.
Today we are stalking deer.
I turn to speak to her. I use no voice,
just my fingers and my lips.
She understands, and walks behind me,
stepping where I step.
I am the one who listens
for small sounds.
She is the one who watches
for quick movements in the grass.





जब मेरी बहन बहुत छोटी थी, तब मैं स्कूल जाती थी,
परंतु वो घर पर ही रहती थी।
उसने घर पर ही कुछ शब्दों को बोलना सीखा।
हर दिन वो मां के साथ ज़मीन पर बैठकर,
एक पुराने जूते के डिब्बे में रखे खिलौनों के साथ खेलती।
मां कहतीं, ''यह गेंद है, यह कुत्ता है, यह किताब है''।
स्कूल से आने के बाद मैं भी ज़मीन पर बैठ जाती।
फिर मेरी बहन डिब्बे में हाथ डालती,
और मुस्कुराते हुए कहती, ''गेंद''।
''हां, यह एक गेंद है'', मैं दोहराती हूं बिल्कुल अपनी मां की तरह।
तब मेरी बहन अपना सिर हिलाती
और उसका चेहरा खुशी से खिल उठता।
''गेंद,'' वो एक बार फिर दोहराती।
उसका उच्चारण एकदम ठीक नहीं होता।

When my sister was very small,
when I went to school and she did not,
my sister learned to say some words.
Each day she sat on the floor with our mother,
playing with some toys we keep in an old shoe box.
"It's a ball," our mother would say.
"It's a dog. It's a book."
When I come home, I also sat on the floor.
My sister put her hands into the box.
She smiled and said, "Ball."
Baaaal it sounded to me.
"It's a ball," I repeated, just like our mother did.
My sister nodded and smiled.
"Ball," she said once more.
Again it sounded like baaaal to me.





मेरी बहन अब मेरे ही स्कूल में जाने लगी है।
वैसे मां, उसे घर पर बोलने की और होंठ पढ़ने की ट्रेनिंग देती हैं।
क्लास में टीचर और अन्य बच्चे मेरी बहन के कहे
सभी शब्दों को समझ नहीं पाते हैं।
वो जो कुछ कहना चाहती है उसे वो अच्छी तरह नहीं कह पाती है।
परंतु मैं अपनी बहन की कही हुई बातों को
अच्छी तरह समझ पाती हूं।

Now my sister has started going to my school,
although our mother still helps her speak
and lip-read at home.
The teacher and children do not understand every word
she says, like sister or water or thumb.
Today the children in her room told me,
"Your sister said blue!"
Well, I heard her say that a long time ago.
But they have not lived with my sister for five years
the way I have.



मैं अपनी बहन को समझती हूं।
मेरी कही बातें मेरी बहन भी अच्छी तरह समझती है।
खास कर जब मैं धीरे–धीरे बोलती हूं
और बातें करते समय अपने हाथों का खूब प्रयोग करती हूं।
ऐसा नहीं है कि मेरी बहन केवल मेरे होठों
और मेरे हाथों को ही देखती है।
कल मैंने धूप का चश्मा पहन रखा था।
उसका फ्रेम काफ़ी बड़ा था।
उसके कांच भी एकदम काले थे।
जब मैं बोल रही थी तो मेरी बहन ने मुझ से चश्मा उतारने को कहा।
मेरी भूरी आंखें, उसकी भूरी आंखों से, न जाने क्या–क्या कहती हैं?
कि मैं गेंद से खेलने की बजाए घर–घर खेलना पसंद करूंगी?
कि मां ने हमें अभी–अभी आवाज़ दी है,
पर मैं अभी खेल छोड़कर जाना नहीं चाहती हूं।

I understand my sister.
My sister understands what I say too,
especially if I speak slowly and move my hands a lot.
But it is not only my lips and fingers
that my sister watches.
I wore my sunglasses yesterday.
The frames were very large. The lenses are very black.
My sister made me take them off when I spoke.
What do my brown eyes say to her brown eyes?
That I would really rather play ball than play house?
That I just heard our mother call,
but I do not want to go in yet?







हां मेरी एक बहन है जो मेरी कही बातों को समझती है।
परंतु हमेशा नहीं।
पिछली रात मैंने उससे पूछा, "मेरी जेब में से पेन निकाल कर लाओ?"
तो वो, जवाब में मेज़ पर रखी फलों की टोकरी में से,
एक सेब निकाल कर ले आई।



मेरे मित्र मुझसे मेरी छोटी बहन के बारे में अलग-अलग सवाल पूछते हैं।
क्या बहरे होने से कानों में कुछ तकलीफ़ होती है?
नहीं, मैं जवाब देती हूं, उसके कानों में बिल्कुल भी दर्द नहीं होता है।
परंतु जब लोग उसकी समस्या को नहीं समझते हैं,
तो उसकी भावनाओं को अवश्य चोट पहुंचती है।

मेरी बहन जो कुछ भी महसूस करती है,अक्सर वो शब्दों में उस बात को
मुझे नहीं बता पाती है। कई बार तो हाथों के इशारों से भी
वो अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाती है।
परंतु जब वो गुस्से में होती है,या फिर जब बहुत खुश या दुखी होती है,
तो मेरी बहन अपने चेहरे और कंधों से
न जाने क्या-क्या कह डालती है।

Yes, I have a sister who can understand what I say.
But not always.
Last night I asked, "Where are my pajamas?"
She went into the kitchen
and brought out a bunch of bananas
from the fruit bowl on the table.

My friends ask me about my little sister.
They ask, "Does it hurt to be deaf?"
"No," I say, "her ears don't hurt,
but her feelings do when people do not understand."


My sister cannot always tell me with words
what she feels.
Sometimes she cannot even show me with her hands.
But when she is angry or happy or sad,
my sister can say more with her face and her shoulders
than anyone else I know.

अगर कहीं कोई कुत्ता भूंक रहा हो,
तो मेरी बहन को उसका पता चल जाता है।
वैसे उसे कुत्तों का भूंकना नापसंद है।
अगर हमारी बिल्ली उसकी गोद में बैठकर घुरघुराती है,
तो उसका भी पता उसे चल जाता है।
वो उंगलियों से छूकर पता कर लेती है
कि रेडियो चल रहा है या वो बंद है।

I tell my friends I have a sister
who knows when a dog is barking near her
and who says she does not like the feel of that sound.
She knows when our cat is purring
if it is sitting on her lap,
or that our radio is playing
if she is touching it with her hand.










मेरी बहन को टेलीफोन की घंटी
कभी भी सुनाई नहीं देगी,
और न ही वो दरवाज़ा खटखटाने की
आवाज़ को कभी सुन पाएगी।
वो सड़क पर आ–जा रही
गाड़ियों और ठेलों के शोर को भी
कभी नहीं सुन पाएगी।

But my sister will never know
if the telephone is ringing
or if someone is knocking at the door.
She will never hear the garbage cans
clanging around the street.





कभी–कभी रात के अंधेरे में,
जब कमरे में कोई रोशनी नहीं होती है,
तब मेरी बहन, सिसक–सिसक कर रोती है।
जब रात को मैं अपने कानों में रुई ठूस लेती हूं,
तब मुझे शेल्फ पर रखी घड़ी की टिकटिक भी सुनाई नहीं देती,
और न ही बगल के कमरे में चल रहे टेलीवीजन की
आवाज़ सुनाई देती है।
तब सड़क पर दौड़ रही कारों
और बसों का शोर भी मेरे कानों तक नहीं पहुंचता है।
तब मुझे एकदम शून्य और सुनसान सा लगता है।
क्या मेरी बहन भी वैसा ही महसूस करती है?

I have a sister who sometimes cries at night,
when it is dark and there is no light in the hall.
When I try plugging my ears in the dark,
I cannot hear the clock ticking on the shelf
or the television playing in the living room.
I do not hear any cars moving out on the street.
There is nothing.
Then I wonder, is it the same?

मेरी बहन, कभी भी, पेड़ की टहनियों को,
हमारी खिड़की से रगड़ते हुए नहीं सुन पाएगी।
मैंने कमरे में हवा के झोंकों से
बजने वाली कुछ सुरीली घंटियां लटकाई हैं।
पर मेरी बहन, उनकी मधुर गूंज को
कभी भी नहीं सुन पाएगी।
बाहर जब तूफान आता है, और ज़ोर–ज़ोर से बादल गरजते हैं,
जब सांय–सांय करती तेज़ हवा से खिड़कियों के दरवाज़े टकराते हैं,
तब भी मेरी बहन, गहरी नींद में सोई रहती है।
तब उसे नहीं, मुझे डर लगता है।

I have a sister who will never hear the branches
scraping against the window of our room.
She will not hear the sweet tones of the wind chimes
I have hung up there.
But when the storms come,
my sister does not wake to the sudden rolling thunder,
or to the quick clap-clap of the shutters in the wind.
My little sister sleeps.
I am the one who is afraid.











जब मेरे दोस्त मुझसे मेरी बहन के बारे में पूछते हैं
तो मैं कहती हूं कि
मेरी बहन टेलीवीजन ज़रूर देखती है, परंतु बिना आवाज़ के।
मेरी बहन अपनी गुड़िया को गोद में झोंके देकर सुलाती है,
परंतु वो अपनी गुड़िया को लोरी नहीं सुना सकती।
मेरी बहन अपनी उंगलियों की मदद से बात कर सकती है।
अक्सर वो जो कुछ भी कहती है
उसे बड़ी धीमी आवाज़ में कहती है।
परंतु कभी–कभी वो इतना तेज़ चिल्लाती है
कि मां को उसे ज़बरदस्ती चुप कराना पड़ता है।

When my friends ask, I tell them
I have a sister who watches television
without turning on the sound.
I have a sister who rocks her dolls
without singing any tune.
I have a sister who can talk with her fingers
or in a hoarse, gentle voice.
But sometimes she yells so loud,
our mother says the neighbours will complain.

मैं अपनी बहन का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए
अपने पैरों को ज़ोर–ज़ोर से ज़मीन पर पटकती हूं।
कभी–कभी मैं तेज़ी से अपना हाथ भी हिलाती हूं।
मैं कभी–कभी उसके पास जाकर
उसके हाथों को अपनी उंगलियों से छूती हूं।
वो मेरे पैरों के पटकने को महसूस कर सकती है।
वो मेरी उंगलियों के छूने को भी महसूस कर सकती है।
मेरे हिलते हाथ को, वो दूर से ही देख सकती है।
परंतु अगर मैं उसके एकदम पास जाकर पीछे से उसे बुलाऊं
तो भी वो मेरी आवाज़ को नहीं सुन पाती है।

I stamp my foot to get my sister's attention,
or wave at her across the room.
I come up beside her and put my hand on her arm.
She can feel the stamping.
She can feel the touching.
She can glimpse my moving hand
from the corner of her eye.
But if I walk up behind her and call out her name,
she cannot hear me.







मेरी एक बहन है,

मेरी बहन सुन नहीं सकती है।

I have a sister

my sister is deaf.

❑❑❑